BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 23 अक्टूबर, 2024 **थाना कोतवाली नगर**

फर्जी कागजात तैयार करके बैंको से कार लोन लेने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 गाडियां बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 16.02.2024 को वादी श्री अवनीन्द्र चौहान वरिष्ठ प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक शाखा मोतीबाग थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गयी कि अजीत कुमार व अमित कुमार के नाम से फर्जी दस्तावेज लगाकर कार लोन करवाया गया हैं। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 127/24 धारा 420/467/468/471 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम मे विवेचना के दौरान प्रकाश में आये दो अभियुक्तों को दिनांक 22.10.2024 को दो गाडियों सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो कों न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों नाम पता-

1. अमित गोस्वामी (गिरी) पुत्र श्रीपाल गोस्वामी निवासी म0नं0-196/ए जयभीम नगर, भोपाल बिहार थाना भावनपुर जनपद मेरठ।
2. सचिन पुत्र राम अवतार निवासी 544/10 आदर्श नगर थाना सिविल लाइन जनपद सोनीपत हरियाणा।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 स्विफ्ट गाड़ी नं0- UP-13CC-6607
2. 01 बलैनो गाड़ी बिना नम्बर

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया कि हम भोले भाले लोगों का आधार कार्ड, पैन कार्ड लेकर एडिट करके फोटो व पता बदलकर फर्जी कागजात तैयार करके बैंको से कार लोन लेते हैं, कार लोन लेते समय आधार कार्ड व पैन कार्ड पर नाम व पिता का नाम व नम्बर सेम रखते हैं जिससे चैक करने पर नाम व पिता का नाम व सिबिल स्कोर सही पाया जाये। कोई फ्लैट किराये पर लेकर बैंक वालों को दिखाते हैं। लोन लेकर 5-6 किस्त जमा करके रोक देते है जिससे बैंक से केस रिकवरी व सेटलमेन्ट के लिए चला जाता हैं। कम दाम पर सेटलमेंट करके सेकेण्ड ओनर को असली पते पर गाड़ी को बेच कर एक नम्बर का बनाते थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2. उ0नि0 रामनारायण सिंह
3. है0का0 कुलदीप राठी, है0का0 कपिल चौधरी

मीडिया सेल, बुलंदशहर